**श्री सैयद फैसल अली, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न**

**संख्या-1/208/283 का उत्तर प्रतिवेदन**

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-<br>(क) क्या यह सही है कि उत्तर बिहार में वार्षिक बाढ़ से राज्य को औसत कितना नुकसान होता है; | वस्तुस्थिति यह है कि बिहार राज्य की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण उत्तर बिहार आवर्ती बाढ़ से प्रभावित रहता है। वार्षिक बाढ़ से नुकसान का आँकड़ा आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा आकलित एवं संग्रहित किया जाता है। |
| (ख) क्या यह सही है कि उत्तर बिहार में वार्षिक बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए क्या संरचनात्मक, गैर-संरचनात्मक और हरित उपाय किये गये हैं या किये जा रहे हैं; | बाढ़ से सुरक्षा हेतु संरचनात्मक उपायों के तहत् राज्यान्तर्गत 3800.41 कि0मी0 की लम्बाई में तटबंधों का निर्माण किया गया है। तटबंधों, ग्रामों, शहरों के सुरक्षार्थ बाढ़ अवधि के पूर्व बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो का कार्यान्वियन कराया जाता है एवं बाढ़ अवधि के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थलों को सुरक्षित रखा जाता है।<br>गैर-संरचनात्मक कार्य के तहत चेतावनी प्रणाली (Early Warning System) के रूप में विकसित किये गये रिजनल नेटवर्क फ्लड फॉरकास्ट मॉडल (Regional Network Flood Forecast Model) में नवीनतम आँकड़ों का उपयोग कर बाढ़ अवधि में बिहार के प्रमुख नदियों पर जलस्तर तथा जलश्राव का पूर्वानुमान किया जाता है। साथ ही प्रत्येक मानसून अवधि के पूर्व उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के सैटेलाईट इमेजरी के आधार पर नदियों की धारों तथा किनारों पर हो रहे परिवर्तनों का अध्ययन किया जाता है एवं बाढ़ की स्थिति का आकलन किया जाता है। |

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| (ग) क्या यह सही है कि इन उपायों पर कुल व्यय कितना है; | वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 (अबतक) के दौरान बाढ़ से सुरक्षा हेतु संरचनात्मक उपायों के अंतर्गत बाढ़ सुरक्षात्मक/संघर्षात्मक कार्यो के तहत् क्रमशः रू0 1885.36 करोड़ एवं रू0 788.01 करोड़ का व्यय किया गया है।<br>गैर-संरचनात्मक उपायों के तहत चेतावनी प्रणाली (Early Warning System) के विकास एवं संचालन पर अबतक कुल रू0 20.53 करोड़ का व्यय किया गया है। |
| (घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो बाढ़ नियंत्रण के इन उपायों को पूरा करने की समय सीमा क्या है? | बाढ़ नियंत्रण का कार्य एक सतत् एवं निरंतर प्रक्रिया है। प्रत्येक वर्ष बाढ़ अवधि के पूर्व एवं दौरान नदी के बहाव के अनुसार कार्य कराने की आवश्यकता पड़ती है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मु0)-06–40/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/208/283 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मु0)-06–40/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मु0)–06–40 / 2024–                    / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मु0)–06–40 / 2024– 121 / पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo